No. of Printed Pages : 11 **ECO-14**

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

05113

## Term-End Examination

## December, 2015

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*
*Weightage : 70%*

---

***Note :*** *Attempt* ***any four*** *questions including question no.* ***1*** *which is* ***compulsory.***

---

1. Attempt **any two** of the following questions : 7, 7
   (a) What is Revaluation Account ? Differentiate between Revaluation Account and Realisation Account.
   (b) What do you mean by Pro rata allotment of shares ? Explain the provisions of Section 79 of the Companies Act regarding issue of shares at discount.
   (c) Explain the utility and significance of ratio analysis.
   (d) Distinguish between Hire Purchase System and Instalment System.

2. What is cash flow statement ? List the various sources and uses of cash. Also state as to how does it differ from fund flow statement ? 4, 4, 4

3. The Balance Sheet of P Ltd. as at 31st March 2013 is given as below : **12**

| Liabilities | ₹ (in lakhs) | Assets | ₹ (in lakhs) |
|---|---|---|---|
| Issued and paid-up Share Capital: 20 lakh Equity Shares of ₹ 10 each | 200 | Freehold Property | 200 |
| | | Stock-in-trade | 120 |
| | | Sundry Debtors | 100 |
| Profit and Loss A/c | 180 | Cash at Bank | 180 |
| 12% Debentures | 120 | | |
| Sundry Creditors | 100 | | |
| | 600 | | 600 |

It was resolved in the Annual General Meeting :

(a) to pay a dividend of 10% and corporate dividend tax @ 12½%.

(b) to issue one bonus share for every four shares held.

(c) to give existing shareholders the option to buy one ₹ 10 share @ ₹ 14 for every four shares held prior to the bonus distribution.

(d) to repay the debentures at a premium of 4%.

All the shareholders took up the option in (c) above. Pass journal entries and draw up the Balance Sheet after the above transactions have been given effect to. (Ignore tax on income.)

4\. (a) Describe the accounting treatment of debentures issued as a collateral security by the company. **4, 8**

(b) Shashi Ltd. issued 8,000 15% Debentures of ₹ 100 each. Assuming that all the debentures issued are taken up and paid for, pass the Journal Entries in the books of the company in each of the following cases :

(i) The debentures are issued at ₹ 90 each.

(ii) The debentures are issued at a premium of 10%.

(iii) The debentures are issued to a supplier of furniture amounting to ₹ 8,50,000.

(iv) The debentures are issued at a discount of 5%, are repayable at a premium of 4%.

5\. Atkinson and Datta sharing profits in proportion of three-fourths and one-fourth showed the following as their Balance Sheet on 31st March, 2013. **12**

| Liabilities | | ₹ | Assets | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditors | | 37,500 | Cash at Bank | 22,500 |
| General Reserve | | 8,000 | Bills Receivable | 13,000 |
| Capital Accounts : | | | Debtors | 16,000 |
| | ₹ | | Stock | 40,000 |
| Atkinson | 60,000 | | Office Furniture | 11,000 |
| Datta | 32,000 | 92,000 | Land and Building | 35,000 |
| | | 1,37,500 | | 1,37,500 |

They admit Gibson into partnership on 1st April, 2013 on the following terms :

(a) That Gibson pays ₹ 30,000 as his capital for a fifth share in the future profits.

(b) That a Goodwill Account be raised in the books of the new firm at a value of ₹ 40,000.

(c) That Stock and Furniture be reduced by 10% and a 5% Provision for Doubtful Debts be created on Debtors.

(d) That the value of Land and Building be appreciated by 20%.

(e) That the capital Accounts of the partners be re-adjusted on the basis of their profit-sharing arrangement and any additional amount be debited or credited to their Current Accounts.

Set out the journal entries and prepare necessary accounts.

6. Pagare Ltd. has a branch at Indore where goods are sold for cash as well as on credit. The branch meets its expenses out of cash collected from its debtors and cash sales and remits the balance of cash to head office. On 31st March, 2012 the assets at the branch were as follows : **12**

Stock ₹ 11,5,000

Debtors ₹ 28,000

Furniture ₹ 45,000

During the year ended 31st March, 2013 the following transactions took place at the branch :

| | | |
|---|---|---|
| Cost of goods received from head office | | 8,50,000 |
| Sales : | ₹ | |
| Cash | 7,11,400 | |
| Credit | 2,75,100 | 9,86,500 |
| Cash collected from debtors | | 2,59,700 |
| Cash discount allowed to debtors | | 4,400 |
| Bad debts written off | | 3,600 |
| Goods returned by debtors to branch | | 5,000 |
| Cost of goods sent back by branch to head office | | 14,000 |
| Expenses paid : | | |
| Salaries | 60,000 | |
| Rent and Rates | 24,000 | |
| Petty Expenses | 3,000 | 87,000 |
| Furniture purchased by branch on 1st October, 2012 Payment made by head office by cheque | | 20,000 |

On 31st March 2013 stock at branch was valued at ₹ 1,47,000. Furniture is subject to depreciation @ 10% per annum. Prepare Branch A/c and Memorandum Branch Debtors A/c in head office for the year 2012-2013.

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2015

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

*कुल का : 70%*

***नोट :*** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या 1 शामिल हो क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

1. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7, 7

   (a) पुनर्मूल्यांकन खाता क्या होता है? पुनर्मूल्यांकन खाता तथा वसूली खाता के बीच अंतर बताइए।

   (b) शेयरों में आनुपातिक आबंटन से आपका क्या तात्पर्य है? छूट पर शेयर जारी करने के बारे में कंपनी अधिनियम की धारा 79 के प्रावधानों का उल्लेख कीजिए।

   (c) अनुपात विश्लेषण की उपयोगिता और महत्व की व्याख्या कीजिए।

   (d) अवक्रय प्रणाली और किश्तों में भुगतान प्रणाली में अंतर बताइए।

2. रोकड़ प्रवाह विवरण से क्या तात्पर्य है? रोकड़ के विभिन्न स्रोतों एवं उपयोगों का उल्लेख कीजिए यह भी बताइए कि यह कोष प्रवाह विवरण से किस प्रकार भिन्न है? **4, 4, 4**

3. 31 मार्च 2013 की पी.लि. की बैलेंस शीट नीचे दी गई है : **12**

| **देयताएं** | ₹ **( लाख में )** | **परिसंपत्तियां** | ₹ **( लाख में )** |
|---|---|---|---|
| जारी की गई और प्रदत्त शेयर पूंजी : ₹ 10 प्रति शेयर वाले 20 लाख इक्विटी शेयर | 200 | उन्मुक्त संपत्ति | 200 |
| | | स्टॉक | 120 |
| लाभ और हानि खाता | 180 | विविध देनदार | 100 |
| 12% डिबेंचर | 120 | बैंक शेष | 180 |
| विविध लेनदार | 100 | | |
| | 600 | | 600 |

वार्षिक साधारण सभा में यह तय किया गया था कि :

(a) 10% लाभांश तथा 12½% निगमित लाभांश कर का भुगतान किया जाय।

(b) हर चार शेयरों के लिए एक बोनस शेयर जारी किया जाय।

(c) वर्तमान अंशधारियों को यह विकल्प दिया गया है कि वे चाहे तो बोनस वितरण से पहले अपने हर चार शेयरों पर ₹ 10 वाला एक शेयर ₹ 14 प्रति शेयर पर खरीद सकते हैं।

(d) डिबेंचर का 4% प्रीमियम पर पुनर्भुगतान किया जाय।

सभी शेयरधारकों ने ऊपर वाला विकल्प (c) चुना। ऊपर दिए गए लेनदेनों के लिए जर्नल प्रविष्टियाँ पास करें और बैलेंस शीट बनाए। (आय पर कर की उपेक्षा करें)

4. (a) कंपनी द्वारा समर्थक ऋणाधार के रूप में जारी किए गए डिबेंचरों के लेखांकन क्रिया का वर्णन करें। **4, 8**

(b) शशी लि.ने ₹ 100 वाले 8,000 15% डिबेंचर जारी किए। यह मानते हुए कि सभी जारी किए हुए डिबेंचर ले लिए गए और उनका भुगतान कर दिया गया, निम्नलिखित के लिए कंपनी की किताबों में जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

(i) सारे डिबेंचर ₹ 90 पर जारी किए जाते हैं।

(ii) डिबेंचर 10% प्रीमियम पर जारी किए जाते हैं।

(iii) फर्नीचर के एक सप्लायर को ₹ 8,50,000 के डिबेंचर जारी किए जाते हैं।

(iv) डिबेंचर 5% छूट पर जारी किए जाते हैं और वे 4% प्रीमियम पर प्रतिदेय (repayable) हैं।

5. एटकिंसन और दत्ता की जो 3 : 1 के अनुपात में मुनाफे का बंटवारा करते है की 31 मार्च, 2013 की बैलेंस शीट निम्नलिखित है : **12**

| देयताएं | | ₹ | परिसंपत्तियां | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 37,500 | बैंक शेष | 22,500 |
| सामान्य रिजर्व | | 8,000 | प्राप्य बिल | 13,000 |
| पूंजी खाते : | | | देनदार | 16,000 |
| | ₹ | | स्टॉक | 40,000 |
| एटकिंसन | 60,000 | | कार्यालय फर्नीचर | 11,000 |
| दत्ता | 32,000 | 92,000 | भूमि और भवन | 35,000 |
| | | 1,37,500 | | 1,37,500 |

वे 1 अप्रैल 2013 को गिब्सन को साझेदारी में निम्नलिखित शर्तों पर शामिल करते हैं :

(a) गिब्सन भावी मुनाफे में पाँचवे हिस्से के लिए ₹ 30,000 अपनी पूंजी के रूप में भुगतान करेगा।

(b) नई फर्म में 'ख्याति खाता' ₹ 40,000 के राशि पर खोला जाए।

(c) स्टॉक और फर्नीचर के मूल्य में 10% की कमी की जाएगी और देनदारों पर संदिग्ध ऋण के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा।

(d) भूमि और भवन के मूल्य में 20% की वृद्धि की जाए।

(e) भागीदारों के पूंजी खाते उनके मुनाफे के बंटवारे की नई व्यवस्था के आधार पर समायोजित किए जाएं और कोई भी अतिरिक्त राशि उनके चालू खाते में डेबिट या क्रेडिट की जाती है।

जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए एवं आवश्यक खाते बनाइए।

6. पगारे लि. की एक शाखा इंदौर में है। जहाँ माल नकद के साथ-साथ उधार पर भी बेचा जाता है। शाखा अपने देनदारों और नकद बिक्री से एकत्र राशि से अपने खर्चों को पूरा करती है और बची हुई राशि प्रधान कार्यालय को भेज देती है। 31 मार्च 2012 को शाखा के पास निम्नलिखित परिसंपत्तियां थी : **12**

स्टॉक ₹ 11,5,000

देनदार ₹ 28,000

फर्नीचर ₹ 45,000

31 मार्च, 2013 को समाप्त होने वाले वर्ष के दौरान निम्नलिखित लेनदेन हुए :

| | | |
|---|---|---|
| प्रधान कार्यालय से प्राप्त माल की लागत | | 8,50,000 |
| बिक्री | ₹ | |
| नकद | 7,11,400 | |
| साख | 2,75,100 | 9,86,500 |
| देनदार से प्राप्त राशि | | 2,59,700 |
| देनदारों को दी गई नकद छूट | | 4,400 |
| अशोध्य ऋण को अपलिखित (written off) किया | | 3,600 |
| शाखा को देनदारों द्वारा वापस किया माल | | 5,000 |
| प्रधान कार्यालय को शाखा द्वारा वापस भेजे गए माल की लागत | | 14,000 |
| व्यय भुगतान : | | |
| वेतन | 60,000 | |
| किराया और दरें | 24,000 | |
| फुटकर व्यय | 3,000 | 87,000 |
| 1 अक्टूबर 2012 को शाखा द्वारा खरीदा गया फर्नीचर जिसका भुगतान प्रधान कार्यालय ने चेक द्वारा किया। | | 20,000 |

31 मार्च, 2013 को शाखा पर स्टॉक का मूल्य ₹ 1,47,000 था। फर्नीचर पर 10% प्रतिवर्ष मूल्य ह्रास लगाया जाता है, वर्ष 2012-2013 के लिए प्रधान कार्यालय की किताबों में ब्रांच खाता तथा मेमोरेंडम ब्रांच देनदार खाता तैयार कीजिए।